हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार 3 जून 2026

11 श्रीमद्भागवत कथा तीनों तापों दैहिक,दैविक और ...

12 गृहकार्य को लेकर नई पहल 'खेल नर्सरी के...





## खबर संक्षेप

### घर से नकदी और गहने चोरी, मामला दर्ज

**लोहारू ।** गांव ढाणा जोगी में चोरों ने घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित विनोद के अनुसार चोर घर में रखी अलमारी और संदूक का ताला तोड़कर करीब एक लाख रुपये की नकदी, फोन तथा सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। चोरी हुए सामान में चेन, अंगूठी, कानों के बाले और अन्य चांदी के आभूषण शामिल हैं। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया और पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस चोरों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।

### दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में युवक घायल

**लोहारू।** सिंघानी के पास दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल राजेश कुमार निवासी खोरड़ा ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह 29 मई को दोस्त की बाइक पर सिंघानी जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में राजेश गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उसके भाई राजबीर ने एंबुलेंस से हिसार के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने घायल के बयान के आधार पर आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए नामांकन आमंत्रित

**भिवानी।** गृह मंत्रालय ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार-2027 हेतु नामांकन आमंत्रित किए हैं। डीसी साहिल गुप्ता ने बताया कि यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रतिवर्ष 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर प्रदान किया जाता है। इसका उद्देश्य आपदा जोखिम न्यूनीकरण, राहत, बचाव, पुनर्वास, क्षमता निर्माण और नवाचार जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वालों को सम्मानित करना है।

### आठ से निकाली जाएंगी योग जनजागरण यात्राएं

**भिवानी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए जिले में 8 से 10 जून तक गांवों और शहरों में योग जनजागरण यात्राएं आयोजित की जाएंगी। जिला आयुर्वेद अधिकारी रश्मि और जिला योग कोऑर्डिनेटर डॉ. संजय वैद ने बताया कि योग दिवस को जनभागीदारी के साथ सफल बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

### आईटीआई प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**भिवानी।** कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आईटीआई प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक अभ्यर्थी 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भिवानी के प्रधानाचार्य इंद्र सिंह सैनी ने बताया कि संस्थान में इलेक्ट्रिशियन, फिटर, वेल्डर, प्लंबर, मोटर मैकेनिक, कंप्यूटर ऑपरेटर सहित विभिन्न इंजीनियरिंग और गैर-इंजीनियरिंग ट्रेडों में प्रशिक्षण उपलब्ध है। प्रवेश के लिए 10वीं/12वीं की अंकतालिका, आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र व अन्य दस्तावेज आवश्यक हैं। संस्थान में हेल्प डेस्क भी स्थापित की गई है।

### उत्तम नगर के बूथ संख्या 137 की अभी तक नहीं हुई मैपिंग

# वोट कटने के डर को लेकर महिलाओं ने किया प्रदर्शन

> वोट कटने पर सरकार से मिलने वाली सुविधाओं पर लग जाता है विराम

हरिभूमि न्यूज >> भिवानी

एसआईआर के तहत क्षेत्र की मैपिंग व घरों की नम्बरिंग का कार्य लगभग पूरा हो गया, लेकिन शहर की बाहरी कॉलोनी (उत्तम नगर) के बूथ संख्या 137 की अभी तक मैपिंग का कार्य शुरू ही नहीं हुआ। अगर मैपिंग नहीं हुई तो उक्त इलाके के लोगों के वोट कटने तय है। अगर एक बार वोट कट गए तो उनको सरकार से मिलने वाली सुविधाओं पर विराम लग जाएगा। इन्हीं मांगों को लेकर मंगलवार को उत्तमनगर इलाके में पार्षद सुभाष तंवर की अगुवाई में महिलाओं ने प्रदर्शन किया। महिलाओं ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। महिलाओं ने चेतावनी दी कि अगर उनकी इस समस्या का समाधान नहीं किया तो वे सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगी।

> जल्द समाधान नहीं हुआ तो सड़कों पर उतरने को होंगे मजबूर
>
> एसआईआर के तहत क्षेत्र की मैपिंग व घरों की नम्बरिंग का कार्य लगभग पूरा हो गया

पार्षद सुभाष तंवर ने बताया कि उक्त इलाके में करीब साढ़े 12 सौ के आसपास मतदाता है,जिनके सभी के वोट है। प्रशासन द्वारा इस इलाके को बूथ 137 में शामिल किया गया है। एसआईआर के तहत इस इलाके की सबसे पहले मैपिंग आदि करवानी थी, मकानों की नम्बरिंग आदि का कार्य भी इसी में शामिल है। हैरानी की बात यह है कि अभी तक इस बूथ की मैपिंग नहीं हुई है। जिस भी बीएलओ की ड्यूटी लगाई जाती है। वह कोई न कोई बहाना बनाकर उसको कटवा कर दूसरी जगह चला जाता है। इस बारे में वे कानूनगो से भी मिले थे,लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि अगर इस इलाके व बूथ की मैपिंग नहीं हुई तो इन सभी के वोट कट जाएंगे। उसके बाद इन लोगों को सरकारी सुविधाओं से महरूम होना पड़ेगा। वहीं प्रदर्शनकारी महिलाओं व पुरुषों ने बताया कि वे इसके लिए उपायुक्त कार्यालय पर जाकर भी प्रदर्शन करेंगी। उसके बाद भी उनकी इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगी। महिलाओं ने बताया कि अगर एक बार वोट कट गया तो जो विधवा पेंशन ले रही है। उसकी पेशंन कट जाएगी। अन्य लाभों से भी हाथ धोना पड़ेगा।



**भिवानी।** मैपिंग को लेकर नारेबाजी करती महिला व पुरुष। फोटो : हरिभूमि



**भिवानी।** मांगों को लेकर विधायक से मुलाकात करता सेक्टर 13 का प्रतिनिधिमंडल। फोटो : हरिभूमि

# सीनियर सिटीजन क्लब की समस्याओं को लेकर विधायक से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज >> भिवानी

- सीनियर सिटीजन क्लब भवन की शेष मरम्मत के लिए 10 लाख की अतिरिक्त अनुदान राशि उपलब्ध करवाने की मांग

सीनियर सिटीजन क्लब (वृद्धाश्रम), सेक्टर-13, भिवानी के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक घनश्याम सर्राफ से मुलाकात कर क्षेत्र की विभिन्न जनहित एवं वरिष्ठ नागरिकों से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने विशेष रूप से सीनियर सिटीजन क्लब भवन की शेष मुरम्मत के लिए 10 लाख की अतिरिक्त अनुदान राशि उपलब्ध करवाने तथा सेक्टर-13, सेक्टर-23 एवं गुजरानी फीडर क्षेत्र में बिजली विभाग के अतिरिक्त स्टाफ की नियुक्ति की मांग उठाई।

प्रतिनिधिमंडल ने विधायक को अवगत कराया कि सीनियर सिटीजन क्लब (वृद्धाश्रम) भवन की मरम्मत के लिए पूर्व में उनके प्रयासों से 10 लाख की अनुदान राशि प्राप्त हुई थी, जिससे भवन के मरम्मत कार्य का एक महत्वपूर्ण भाग पूरा किया गया। इसके लिए क्लब के सभी सदस्यों ने विधायक का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि भवन के ऊपर प्लास्टिक शैड लगाने का कार्य अभी शेष है, कई खिड़कियों एवं दरवाजों का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है तथा चारदीवारी भी अत्यंत जर्जर अवस्था में है, जिसकी मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण की तत्काल आवश्यकता है। इन सभी कार्यों को पूरा करने के लिए लगभग 10 लाख की अतिरिक्त राशि की आवश्यकता है।

प्रतिनिधिमंडल ने सेक्टर-13, सेक्टर-23 एवं गुजरानी फीडर क्षेत्र में बिजली व्यवस्था से संबंधित समस्याओं की ओर भी विधायक का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने बताया कि इन क्षेत्रों का दायरा निरंतर बढ़ रहा है तथा आबादी और संस्थानों की संख्या में भी लगातार वृद्धि हो रही है। इसके बावजूद बिजली विभाग में उपलब्ध तकनीकी कर्मचारियों की संख्या पर्याप्त नहीं है। परिणामस्वरूप बिजली आपूर्ति बाधित होने, फॉल्ट आने अथवा अन्य तकनीकी समस्याओं के समाधान में अनावश्यक विलंब हो जाता है, जिससे आम नागरिकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जनहित को ध्यान में रखते हुए संबंधित बिजली बीट में अतिरिक्त तकनीकी स्टाफ एवं कर्मचारियों की नियुक्ति करवाई जाए।

# तीन हत्यारों को उम्रकैद की सजा और जुर्माना

> आरोपियों ने मृतक रामकुमार, उनकी पत्नी और पुत्रवधू के साथ की थी मारपीट

हरिभूमि न्यूज >> भिवानी

न्यायालय सुरुचि अटरेजा सिंह द्वारा अलखपुरा निवासी रामकुमार की हत्या मामले में तीन आरोपियों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। इसके साथ ही आरोपियों पर जुर्माना भी लगाया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मामले के संबंध में कमलेश पत्नी रामकुमार निवासी गांव अलखपुरा, थाना बवानी खेड़ा ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि 19 फरवरी 24 की सुबह उनकी पुत्रवधू गली में नाली साफ कर रही थी। इसी दौरान उनके रिश्तेदार पवन, रेवती व भतेरी ने उनकी पुत्रवधू के साथ मारपीट शुरू कर दी। जब शिकायतकर्ता कमलेश अपनी पुत्रवधू को बचाने के लिए गई तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। शोर सुनकर शिकायतकर्ता के पति रामकुमार बीच-बचाव करने आए तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। घटना के बाद घायल अवस्था में परिवारजनों द्वारा तीनों को उपचार के लिए सामान्य अस्पताल भिवानी में दाखिल करवाया गया, जहां से कमलेश व रामकुमार की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें पीजीआई रोहतक रेफर किया गया। उपचार के दौरान 19 फरवरी 2024 को रामकुमार की मृत्यु हो गई थी। इसी मामले में न्यायालय द्वारा आरोपी पवन पुत्र रामकिशन निवासी अलखपुरा तथा राजबाला उर्फ भतेरी पत्नी रामकिशन निवासी अलखपुरा व रेवती पत्नी पवन निवासी अलखपुरा को निम्न धाराओं के तहत सजा एवं जुर्माना लगाया गया है।



# गांव जेवली में पुलिस ने चलाया तलाशी अभियान

हरिभूमि न्यूज >> चरखी दादरी

पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार के निर्देशानुसार जिले में नशीले पदार्थों की तस्करी एवं अवैध नशे के कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए लगातार विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में बाढ़ड़ा थाना प्रबंधक निरीक्षक ओमप्रकाश के नेतृत्व में थाना बाढ़ड़ा पुलिस टीम व डॉग स्कवॉयड ने मिलकर जेवली में नशीले पदार्थों एवं नशे के कारोबार में संलिप्त संदिग्ध व्यक्तियों की धरपकड़ के लिए तलाशी अभियान चलाया।

पुलिस टीम ने गांव के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों तथा संदिग्ध गतिविधियों वाले क्षेत्रों में गहन जांच एवं तलाशी ली एवं नशीले पदार्थों के सेवन अथवा अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के मकानों की तलाशी ली । इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की। निरीक्षक ओमप्रकाश ने कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य समाज को नशा मुक्त बनाना तथा युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाना है। इसके लिए नियमित रूप से गांवों एवं शहरी क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से भी संवाद स्थापित किया तथा उन्हें नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया। ग्रामीणों से अपील की गई कि यदि उनके क्षेत्र में कोई व्यक्ति नशीले पदार्थों की बिक्री, तस्करी या सेवन जैसी गतिविधियों में संलिप्त दिखाई देता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें।



### प्लॉटों पर कब्जे को लेकर धनानावासियों का फूटा गुस्सा

**भिवानी।** 2011 में अलॉट हुए 100-100 वर्ग गज के रिहायशी प्लॉटों पर कब्जा नहीं मिलने और उक्त जमीन पर अवैध निर्माण से नाराज धनाना गांव के ग्रामीणों का गुस्सा आखिरकार फूट पड़ा तथा मंगलवार को भारी संख्या में ग्रामीणों ने एकत्रित होकर जिला प्रशासन और संबंधित विभाग के खिलाफ गहरा रोष प्रकट किया। अपनी जायज मांग को लेकर ग्रामीणों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा और जल्द न्याय दिलवाने की गुहार लगाई। ग्रामीणों ने उपायुक्त को सौंपे पत्र में अपनी पीड़ा बयां की है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2011 में जरूरतमंद परिवारों को 100-100 वर्ग गज के प्लॉट अलॉट किए गए थे लेकिन अभी तक उन्हें प्लॉटों पर कब्जे नहीं मिले हैं। ग्रामीणों ने कहा कि सारे कागजात उनके पास हैं फिर उन्हें प्लॉट पर कब्जा नहीं मिल रहा।

# गांव ढाणी लक्ष्मण में मनीषा मौत मामले को लेकर बैठक

## सात को गांव में होगी प्रदेश स्तरीय पंचायत, खाप और संगठन लेंगे हिस्सा, नाम उजागर करने की मांग

हरिभूमि न्यूज >> लोहारू

मंगलवार को मनीषा मौत मामले को लेकर गांव ढाणी लक्ष्मण में भारतीय किसान मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कौथ, किसान यूनियन के मेवा सिंह आर्य और गणमान्य लोगों की मौजूदगी में आवश्यक बैठक हुई।

बैठक में आगामी सात जून को गांव में होने वाली विभिन्न खाप संगठनों और सामाजिक संगठनों की प्रदेश स्तरीय बैठक लेकर चर्चा की। किसान नेता सुरेश कोथ ने गांव ढाणी लक्ष्मण में पहुंचकर मनीषा के परिवार से मुलाकात की। इस मौके पर मनीषा के पिता संजय कुमार व दादा रामकिशन और कन्नी की कमेटी सदस्य से आगामी सात जून को बुलाई गई पंचायत को लेकर बातचीत हुई। मनीषा के पिता संजय ने कहा कि जब तक मनीषा के हत्यारों का सीबीआई नाम उजागर नहीं करती है और बेटी के दोषियों को गिरफ्तार करके कड़ी से कड़ी सजा नहीं देती है तब तक चैन की सांस नहीं लेंगे। सुरेश कोथ ने बताया कि कई बार देरी से आया न्याय अन्याय के बराबर होता है। सभी जांच पूरी होने बाद किस बात की देरी है ये बात समझ से परे है। आगामी सात जून को हरियाणा स्तर की पंचायत बेटी को न्याय दिलाने के लिए ढाणी लक्ष्मण मे बुलाई जा रही है। सीबीआई जल्दी मनीषा मौत मामले का खुलासा करें वरना हमें कडे निर्णय लेने पर मजबूर होना पडेगा। बैठक में सात जून की पंचायत को लेकर गांव गांव जाकर लोगों को सूचित करने के लिए कमेटी सदस्यों की जिम्मेदारी लगाई गई।

> कई बार देरी से आया न्याय अन्याय के बराबर होता है: सुरेश कोथ

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में जगू, अनील, राजकुमार, भाकियू जिला प्रधान मेवासिंह आर्य, आजाद सिंह भूंगला, संजय, रामकिशन, शिम्भू राम, विजेन्द्र गोरा, शेरसिंह व कैलाश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### अस्पताल में मिली खामिया,कंडम भवन,कांग्रेस घास हटाने के निर्देश

# डीजी हेल्थ ने नागरिक अस्पताल का किया निरीक्षण

- ओपीडी, इमरजेंसी वार्ड, दवा वितरण केंद्र, प्रयोगशाला आदि का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज >> बवानीखेड़ा

हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक (डीजी हेल्थ) ब्रहमजीत ने सोमवार को नागरिक अस्पताल बवानीखेड़ा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया तथा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया। निरीक्षण के दौरान डीजी हेल्थ ने अस्पताल के ओपीडी, इमरजेंसी वार्ड, दवा वितरण केंद्र, प्रयोगशाला, प्रसूति कक्ष, वार्डों तथा साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल के भवन, कडम दीवारों, जलभराव के स्थान, अस्पताल में कांग्रेस घास आदि का गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से भी बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में कुछ कमियां भी सामने आईं, जिन पर डीजी हेल्थ ने संबंधित अधिकारियों को तुरंत आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर और समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अस्पताल में साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने, आवश्यक उपकरणों की नियमित जांच करने तथा मरीजों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए। अधिकारी सुबह 10 बजे पहुंचे और दो घंटे के करीबन चप्पे चप्पे का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान उनके साथ जिला सिविल सर्जन डॉ. रघुवीर शांडिल्य, डॉ. विनय यादव सहित स्वास्थ्य विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी और चिकित्सक भी मौजूद रहे।



**बवानीखेड़ा।** अस्पताल के निरीक्षण के दौरान मरीज से बातचीत करते हुए।

### महिला के बैग से नकदी व आभूषण चोरी के तीन आरोपी किए गिरफ्तार

> - आरोपियों को चार दिन के रिमांड पर लिया
> - 31 हजार रुपये किए बरामद

**भिवानी।** पुलिस टीम द्वारा आरोपियों को न्यायालय में पेश कर 04 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। रिमांड अवधि के दौरान आरोपियों से 31,000 बरामद किए गए। पुलिस अधीक्षक भिवानी सुमित कुमार द्वारा जिला पुलिस को बसों मे यात्रियों के सामान चोरी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए गए थे। डिटेक्टिव स्टाफ लोहारू ने बस में महिला के बैग से रुपये व आभूषण चोरी करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पातवान निवासी महिला ने थाना बहल पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता महिला ने बताया कि 21 जनवरी को वह बस में यात्रा कर रही थी। जब वह बस अड्डा ओबरा पहुंची और अपने बैग को चेक किया तो बैग से उसका पर्स गायब मिला। पर्स में आभूषण व 50,000 नकद थे, जिन्हें अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गए। शिकायत के आधार पर थाना बहल में अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई। इसी मामले में डिटेक्टिव स्टाफ लोहारू के मुख्य सिपाही प्रमोद कुमार की टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया । गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान नरेश निवासी बड़सी, संदीप निवासी गगनखेड़ी व नरेंद्र निवासी थुराना हांसी के रूप में हुई है। आरोपियों ने तीन अन्य वारदातें करना स्वीकार किया है। नरेंद्र, नरेश पर पूर्व में भी कई अभियोग दर्ज हैं।



# कॉकटेल-2 का ट्रेलर रिलीज कृति-रश्मिका के बीच फंसे शाहिद

**मुंबई।** शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की मच अवेटेड रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'कॉकटेल 2' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया। 3 मिनट 1 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की कार ट्रिप से होती है। शुरुआत में शाहिद कहते हैं, 'जब भी कोई रिश्ता नया होता है, तो वह रोमांचक होता है, क्योंकि वह नया होता है। नए दोस्त मज़ेदार होते हैं क्योंकि उनकी कहानियां हमें दिलचस्प लगती हैं। पुराने दोस्तों से वही पुरानी कहानियां सुनते-सुनते हम थक जाते हैं। लेकिन, प्यार उस फटी हुई टी-शर्ट की तरह है जिसमें हमें दो रातों तक चैन की नींद आती है।

## लाइफ Style

# तृप्ति

## कॉन्फिडेंस ही बन जाता है आपका दुश्मन



एनिमल में रणबीर कपूर के साथ तृप्ति डिमरी की जोड़ी लोगों को खूब पसंद आई थी, लेकिन यह भी आरोप लगे कि तृप्ति उस फिल्म की सक्सेस के बाद काफी बदल गईं। तृप्ति डिमरी ने कहा कि प्रोफेशनल लाइफ में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं और ऐसे लोगों का साथ होना जरूरी है जो आपकी गलतियां बता सकें और सही रास्ता दिखा सकें।

एजेंसी ▶▶ मुंबई


एनिमल फेम एक्ट्रेस ने कहा कि अपनी बुराई सुनना आसान नहीं होता है। हालांकि यही वह चीज है जो आगे बढ़ने में आपकी मदद करती है। जब उनका परिवार और दोस्त उन्हें बताते हैं कि वह कहां गलती कर रही हैं, तो वह रुककर उनकी प्रतिक्रियाओं पर चिंतन करती हैं। तृप्ति ने माना कि कभी-कभी आपका कॉन्फिडेंस ही आपका सबसे बड़ा दुश्मन बन जाता है। साल 2023 में आई रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना की फिल्म एनिमल ब्लॉकबस्टर हिट रही थी। संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में तृप्ति डिमरी ने अहम किरदार निभाया था। तृप्ति यूं तो उससे पहले बुलबुल, लैला मजनू और पोस्टर बॉयज जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी थीं, लेकिन इस फिल्म ने उन्हें वो पहचान दिलाई, जिसकी उन्हें इंडस्ट्री में चमकने के लिए जरूरत थी। तृप्ति के कॅरियर का ग्राफ रॉकेट की रफ्तार से ऊपर गया और उन्हें धड़क-2, भूल भुलैया-3 और स्पिरिट जैसी बड़ी फिल्मों में फीमेल लीड रोल मिलने लगे, लेकिन साथ ही साथ लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि एनिमल के बाद तृप्ति काफी बदल गई हैं। एक हालिया इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने खुद इस सवाल का जवाब दिया।

## हॉलीवुड मसाला



# भारत में ताबड़तोड़ कर रही कमाई

**नई दिल्ली।** करी बार्कर की फिल्म 'ऑब्सेशन' भारत में बीते शुक्रवार को रिलीज हुई। महज चार दिनों में ही इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर ली है। आने वाले दिनों में फिल्म को वर्ड ऑफ माउथ पब्लिसिटी का फायदा मिल सकता है। हॉलीवुड की हॉरर फिल्म 'ऑब्सेशन' भारतीय दर्शको को भी खूब पसंद आ रही है। कम बजट की यह फिल्म दर्शकों को डराने में अब तक कामयाब रही है। फिल्म ऑब्सेशन को दुनियाभर में काफी पसंद किया जा रहा है। शुक्रवार को फिल्म को मिली धीमी शुरुआत के बाद इसने वीकेंड पर अपनी रफ्तार पकड़ी।




# सुरक्षा कारणों से रद्द हुआ कान्ये और ट्रैविस का शो

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी रैपर कान्ये वेस्ट और ट्रैविस स्कॉट का एक कॉन्सर्ट इटली में होना था, जो कि अब रद्द कर दिया गया है। इस बात से रैपर के फैंस बेहद निराश हैं। यह फैसला किन्हीं सुरक्षा कारणों से लिया गया है। यह कॉन्सर्ट जुलाई में इटली के उत्तरी शहर रेजियो एमिलिया के आईसीएफ एरिना में होने वाले था। ट्रैविस स्कॉट का शो 17 जुलाई को और कान्ये वेस्ट का शो 18 जुलाई को होना था। ट्रैविस स्कॉट के कॉन्सर्ट को सुरक्षा व्यवस्था की चिंताओं के कारण रद्द किया गया है, न कि उन पर किसी प्रतिबंध की वजह से। स्थानीय अधिकारियों ने सुरक्षा कारणों से इन्हें रद्द करने का आदेश दिया। दरअसल, कान्ये वेस्ट द्वारा अप्रैल में की गई यहूदी-विरोधी टिप्पणियों का कड़ा विरोध हो रहा था। शहर के यहूदी समुदाय, फासीवाद-विरोधी समूहों, ट्रेड यूनियनों और नेताओं ने इस कॉन्सर्ट को रोकने की मांग की थी।



# अल्फा की रिलीज डेट बदली...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट इन दिनों अपने कई प्रोजेक्ट्स को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। आलिया अल्फा और लव एंड वॉर में नजर आएंगी। अल्फा की रिलीज से पहले निर्माताओं ने इसकी नई रिलीज डेट जारी की है। आलिया भट्ट और शार्वरी वाघ की मुख्य भूमिका वाली एक्शन फिल्म अल्फा अब अपने तय समय से एक हफ्ता पहले यानी 3 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पहले यह फिल्म 10 जुलाई को आने वाली थी। फैंस आलिया को एक्शन अवतार में देखने के लिए बेताब हैं। इस फिल्म से पहले आलिया ने फिल्म जिगरा में एक्शन किया था। फिल्म धमाल 4 की रिलीज डेट 17 जुलाई तय होने के बाद, अल्फा के निर्माता आदित्य चोपड़ा ने यह फैसला लिया है। 3 जुलाई के आसपास कोई बड़ी फिल्म रिलीज नहीं हो रही है।



# अनिल ने पत्नी संग यूरोप में मनाईं छुट्टियां

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर हाल ही में अपनी पत्नी सुनीता कपूर के साथ यूरोप की यात्रा पर गए थे। उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया पर इस जादुई वेकेशन की कुछ खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ अनिल ने इस जगह को मैजिकल बताया है। 69 साल के अनिल ने इंस्टाग्राम पर आज मोंटेनेग्रो देश की कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं। उन्होंने इस जगह को बहुत ही जादुई और खूबसूरत बताया। तस्वीरों में अनिल काले रंग के कपड़ों और स्टाइलिश चश्मे में बेहद हैंडसम दिख रहे हैं। अनिल की दोस्त और बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने इस पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा कि यह उनकी भी पसंदीदा जगह है। इसके साथ ही शिल्पा ने लिखा कि अनिल बहुत शानदार लग रहे हैं। शिल्पा के अलावा अनिल के कई फैंस ने इस पोस्ट पर लाल दिल वाला और फायर इमोजी बनाया है।

## टीवी मसाला



# 'तारक मेहता' में जमील जमाली की एंट्री से भागने लगे लोग...

**नई दिल्ली।** 'धुरंधर' और जमील जमाली की लोकप्रियता अब गोकुलधाम सोसाइटी तक पहुंच गई है। शो में एक मजेदार मोड़ आएगा जब लोग यह देखकर हैरान रह जाएंगे कि जमील जमाली बिल्कुल तारक मेहता के बॉस बाबूलाल जैसे दिखते हैं। यह अजीब समानता भ्रम पैदा कर रही है और कई मजेदार पलों को जन्म देती है। इससे पहले कि कोई सच और झूठ में फर्क कर पाए, अफवाहें फैलने लगती हैं, तरह-तरह के कयास लगने लगते हैं और बेचारे बाबूलाल खुद को एक ऐसे तूफान में पाते हैं जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की थी। ये किरदार राकेश बेदी निभा रहे हैं और जो 2020 से तारक के बॉस बने हुए हैं। एक मामूली भ्रम से शुरू हुई बात जल्दी ही एक बड़े तमाशे में बदल जाती है। जैसे-जैसे हर कोई स्थिति को समझने की कोशिश करता है, भ्रम और बढ़ता जाता है। बाबूलाल इस स्थिति में फंस जाते हैं और एक के बाद एक समस्याओं का सामना करते हैं। हालांकि, तारक अपने बॉस को अकेला नहीं छोड़ते और मुश्किल को संभालने की पूरी कोशिश करते हैं। वह स्थिति को पूरी तरह से हाथ से निकलने से पहले हर संभव प्रयास करते हैं। 'धुरंधर' के क्रेज के चलते बाबूलाल को जमील जमाली समझ लिया जाता है। लोग टीवी के किरदार को असली इंसान समझ बैठते हैं। एक छोटी सी गलतफहमी से और भी उलझनें पैदा हो जाती हैं। इससे हंसी-मजाक और मनोरंजन का माहौल बनता है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' एक बार फिर यही कमाल कर रहा है। यह फेमस सिटकॉम रोजमर्रा की साधारण घटनाओं को एक मजेदार और मनोरंजक कहानी में बदल देता है।

## प्रोड्यूसर पर लगाए थे यौन शोषण के झूठे आरोप

**नई दिल्ली।** टीवी का मशहूर सीरियल 'भाभी जी घर पर हैं' आपने कभी ना कभी तो जरूर देखा होगा। टीवी के इस शो को लोगों ने खूब पसंद किया।



कुछ साल पहले इस शो से जुड़ा एक बड़ा विवाद भी सामने आया था। जिसमें इस शो की लीड एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे ने शो के प्रोड्यूसर पर यौन शोषण का आरोप लगाया था। हाल ही में दिए गए एक इंटरव्यू में शिल्पा ने बताया कि शो छोड़ने के दौरान उन्होंने प्रोड्यूसर पर भी सेक्सुअल हैरेसमेंट का आरोप लगाया था वह बिल्कुल झूठ था। इसके अलावा शिल्पा ने इंटरव्यू के दौरान और भी कई बातें बताई। भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया के पॉडकास्ट में शिल्पा ने लीगल लड़ाई और अपने इमोशनल ब्रेकडाउन पर खुलकर बातचीत की। बातचीत के दौरान शिल्पा ने बताया कि उनके सामने एक समय आया जब उन्हें यह महसूस होने लगा था कि वह काफी बुरी तरह से फंस चुकी हैं और उनके पास लड़ाई लड़ने का कोई दूसरा रास्ता नहीं बचा है।

# कपूर परिवार के नाम हैं ये 7 दिलचस्प रिकॉर्ड

*नई दिल्ली। बॉलीवुड के 'कपूर खानदान' को इंडस्ट्री की 'फर्स्ट फैमिली' भी कहा जाता है। पृथ्वीराज कपूर से लेकर रणबीर कपूर तक इस परिवार का फिल्ममेकिंग और एक्टिंग से बहुत पुराना नाता रहा है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि वो कौन से 7 रिकॉर्ड हैं जो इस परिवार के नाम पर दर्ज हैं?*

***ऑनस्क्रीन जा चुका सबसे बड़ा परिवार :*** *साल 1999 तक ही इस एक परिवार के 24 से अधिक सदस्य फिल्मों में बतौर एक्टर, डायरेक्टर या प्रोड्यूसर काम कर चुके थे। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में इस परिवार के नाम फिल्म इंडस्ट्री में सबसे बड़े ऑन-स्क्रीन परिवार होने का नाम दर्ज है।*

***सिनेमा में 5 पीढ़ियों का सफर :*** *भारतीय सिनेमा जगत के इतिहास में कपूर परिवार इकलौता ऐसा परिवार है जिसकी 5 पीढ़ियां लगातार फिल्म इंडस्ट्री में सक्रिय रही हैं। शुरुआत दीवान बशेश्वरनाथ कपूर (पृथ्वीराज कपूर के पिता) से हुई थी और अब रणबीर कपूर व राहा कपूर तक पहुंच चुकी है।*

***एक ही फिल्म में 3 पीढ़ियां :*** *साल 1971 में आई फिल्म 'कल आज और कल' में एक अनोखा रिकॉर्ड बना। इस फिल्म में कपूर परिवार की तीन पीढ़ियां एक साथ नजर आई थीं। इस फिल्म में पृथ्वीराज कपूर (दादा), राज कपूर (पिता), और रणधीर कपूर (बेटे) एक साथ नजर आए थे।*



***सबसे यंग डायरेक्टर का रिकॉर्ड :*** *शोमैन राज कपूर ने महज 24 साल की उम्र में फिल्म 'आग' (1948) का निर्देशन किया था। यह अपने आप में एक वर्ल्ड रिकॉर्ड था। उस दौर में सबसे कम उम्र के फिल्म निर्देशक बनने का रिकॉर्ड राज कपूर ने अपने नाम किया।*

***सुपरस्टार बनीं पहली सगी बहनें :*** *कपूर खानदान की बेटियों ने भी फिल्म इंडस्ट्री में कम नाम नहीं कमाया। करिश्मा कपूर और करीना कपूर भारतीय सिनेमा के इतिहास की पहली ऐसी सगी बहनें बनीं, जिन्होंने पुरानी रिवायतों को तोड़ा और इंडस्ट्री पर राज किया। नंबर वन एक्ट्रेस बनीं।*

***एक परिवार में 3 दादा साहेब फाल्के पुरस्कार:*** *सिनेमा जगत के सर्वोच्च सम्मान 'दादा साहब फाल्के पुरस्कार' को एक ही परिवार में 3 बार जीतने का रिकॉर्ड भी कपूर खानदान के नाम है। यह सम्मान पृथ्वीराज कपूर, राज कपूर और शशि कपूर को भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए दिया गया।*

## शम्मी कपूर के नाम पर ऐसा भी एक रिकॉर्ड

शम्मी कपूर के नाम पर सिनेमा से अलग एक अनोखा रिकॉर्ड है। उन्होंने 1990 के दशक में 'इंटरनेट यूजर्स क्लब ऑफ इंडिया' की स्थापना की थी। वह भारत के पहले कुछ लोगों में से थे जिनके पास अपना पर्सनल कंप्यूटर और इंटरनेट कनेक्शन था।

# आदर्श ने हॉलीवुड सीरीज एलियन- अर्थ 2 को लेकर जताई खुशी

**नई दिल्ली।** अभिनेता आदर्श गौरव ने रिडले स्कॉट की फिल्म 'एलियन अर्थ' में स्लाइटली के किरदार के लिए खूब प्रशंसा बटोरी। अब अभिनेता इस साइंस फिक्शन शो के आगामी दूसरे सीजन में भी वही भूमिका निभाएंगे और जल्द ही शूटिंग के लिए रवाना होने वाले हैं। दूसरे सीजन में पीटर डिंकलेज के शामिल होने से इसको लेकर लोगों का उत्साह और भी बढ़ गया है। आदर्श ने एमी पुरस्कार विजेता इस अभिनेता की जमकर तारीफ की है। नोआ हॉली द्वारा निर्मित और दिग्गज फिल्म निर्माता रिडले स्कॉट द्वारा कार्यकारी निर्मित 'एलियनः अर्थ' स्कॉट की प्रतिष्ठित एलियन फिल्मों का स्पिन-ऑफ है। पहले सीजन में आदर्श ने स्लाइटली उर्फ आरुष की भूमिका निभाई, जो मनुष्य और मशीन का एक हाइब्रिड है। आदर्श गौरव ने कहा कि 'एलियनः अर्थ' के सीजन 2 में वापसी करना बेहद खास लगता है। स्लाइटली एक ऐसा किरदार है जो शूटिंग खत्म होने के बाद भी लंबे समय तक मेरे मन में बसा रहा, क्योंकि उसकी इमोशनली जटिलता और ट्विस्ट ने मुझे दीवाना बना दिया। नोआ हॉली और रिडले स्कॉट द्वारा निर्मित दुनिया में उसे और गहराई से जानने का अवसर मिलना एक अभिनेता के रूप में रोमांचक और बेहद संतोषजनक है। एलियनः अर्थ में सिडनी चैंडलर, एलेक्स लॉथर, एस्सी डेविस, सैमुअल ब्लेंकिन और बाबौ सीसे मुख्य भूमिका में हैं, जबकि टिमोथी ओलिवेंट एक महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आते हैं। सीजन 2 में गेम ऑफ थ्रोन्स के मशहूर अभिनेता पीटर डिंकलेज की एंट्री होती है, जिससे एलियन यूनिवर्स का विस्तार होता है। आदर्श ने आगे कहा कि इस अनुभव को वास्तव में उल्लेखनीय बनाने वाली बात यह है कि मुझे एक टेलेंटेड एक्टर्स के साथ इस लोकप्रिय यूनिवर्स का हिस्सा बनने का मौका मिला। पीटर डिंकलेज, टिमोथी ओलिवेंट और पूरी टीम जैसे कलाकारों के साथ काम करना आपको हर दिन क्रिएटिव रूप से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।



## अपने नाम किए तीन पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार का सम्मान भी मिला

# न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में मणिपुरी फिल्म बूंग की धूम

### फिल्म को कौन से अवॉर्ड मिले?

फेस्टिवल में बूंग ने तीन पुरस्कार अपने नाम किए। पहला सर्वश्रेष्ठ डेब्यू फिल्म का पुरस्कार। दूसरा लक्ष्मीप्रिया देवी को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार और तीसरा गुगुन किपगेन को सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार पुरस्कार दिया गया। न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल 28 से 31 मई तक चला, जिसमें 15 भाषाओं की अलग-अलग तरह की फिल्में दिखाई गईं।

### क्या है बूंगकी कहानी?

बूंग की कहानी बहुत प्यारी और दिल को छू लेने वाली है। यह फिल्म मणिपुर की घाटी में रहने वाले बच्चे बूंग (गुगुन किपगेन) पर आधारित है। बूंग वर्षों से अकेली रह रही अपनी मां को खुश करने के लिए खास तोहफा देने की योजना बनाता है। वह, तोहफा है अपने पिता को वापस लाना। वह पिता की तलाश में निकल जाता है। इस सफर में उसका दोस्त साथ देता है। मां की खुशियों के लिए पिता को खोजने निकले बूंग की यह कहानी बेहद मार्मिक है। बूंग को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

*लॉस एंजिल्स। मणिपुरी फिल्म बूंग ने पहले बाफ्टा अवॉर्ड में अपना जलवा दिखाया था। अब इस फिल्म ने न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। महोत्सव में फिल्म ने तीन अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में भारतीय फिल्म बूंग ने इतिहास रच दिया है। रविवार को खत्म हुए इस महोत्सव में फिल्म ने तीन अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। फिल्म के मुख्य कलाकार को सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार का सम्मान मिला है। महोत्सव में दस अलग-अलग कैटेगरी में भारतीय सिनेमा के बेहतरीन कलाकारों और फिल्मों को सम्मानित किया गया।*



***फिल्म में नजर आए ये कलाकार :*** फिल्म बूंग में गुगुन किपगेन के अलावा बाला हिजाम, नेमेतिया नगांगबाम, जेनी खुरई, हामोम सदानंद,एंगम सनामतम, विक्रम कोचर, थौदम ब्रजबिधु और मोधुबाला थौदम जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में दिखाई दिए। फिल्म के बाल कलाकारों का अभिनय बहुत ही सहज है। कई सीन्स दर्शकों को भावुक कर जाते हैं, आंखों को नम कर देते हैं।

### फरहान ने प्रोड्यूस की है बूंग

इस फिल्म को निर्माता-निर्देशक और एक्टर फरहान अख्तर ने प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर साल 2024 के टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। वहां इसे दर्शकों से स्टैंडिंग ओवेशन मिला था। भारतीय सिनेमाघरों में यह फिल्म सितंबर 2025 को रिलीज हुई थी। इस फिल्म का निर्देशन लक्ष्मीप्रिया देवी ने किया है।

### बाफ्टा में मिला था अवॉर्ड

इससे पहले मणिपुरी फिल्म 'बूंग' ने बाफ्टा अवॉर्ड्स 2026 में भी जलवा दिखाया था। वहां फिल्म ने बेस्ट चिल्ड्रन एंड फैमिली कैटेगरी में पुरस्कार जीता था। 'बूंग' बाफ्टा में नामांकित होने वाली अकेली भारतीय फिल्म थी। इसने जूटोपिया 2, लिलो एंड स्टिच और आर्को जैसी बड़ी-बड़ी अंतरराष्ट्रीय फिल्मों को हराकर यह अवॉर्ड जीता। इससे पहले फिल्म का पहला प्रीमियर 2024 में टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। बाद में इसे वारसॉ, एमएएमआई मुंबई, आईएउएफआई और मेलबर्न इंडियन फिल्म फेस्टिवल जैसे कई बड़े फेस्टिवल में दिखाया गया।

## धार्मिक रंग में रंगा भिवानी, कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का भव्य शुभारंभ

# श्रीमद्भागवत कथा तीनों तापों दैहिक, दैविक और भौतिक कष्टों को हरने वालीः अनीता



■ अनीता शास्त्री ने बताया कथा का महात्म्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शहर में धार्मिक उल्लास और श्रद्धा का माहौल उस समय और गहरा गया, जब क्षेत्र में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर आयोजित भव्य कलश यात्रा में भारी संख्या में मातृशक्ति और श्रद्धालुओं ने हिस्सा लेकर क्षेत्र को भक्तिमय कर दिया। कथा के प्रथम दिन मंगलवार को कलश यात्रा का आयोजन किया गया। यह कलश यात्रा लक्ष्मी नारायण मंदिर से विधि-विधान और पूजा-अर्चना के बाद शुरू हुई। सिर पर मंगल कलश धारण किए, पारंपरिक परिधानों में सजी मातृशक्ति जब भजनों की धुन पर आगे बढ़ी, तो पूरा वातावरण जयकारों से गूंज उठा। आज की कथा में विशेष रूप से कलश स्थापना के आध्यात्मिक महत्व को रेखांकित किया गया। कलश यात्रा स्थानीय भीम स्टेडियम रोड पर सदर थाना के पास स्थित शिव मंदिर पर संपन्न हुई। इस धार्मिक महोत्सव में महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से सराहनीय रही।

इस अवसर पर समाज के कई गणमान्य व्यक्तियों ने भी आयोजन में भाग लिया, जिनमें मुख्य रूप धर्मवीर भूतपूर्व एएसआई, पुजारी शिवकुमार, पुजारी अमित व मनोज, डा. श्यामेन्दु सिंह, धर्मपाल भूतपूर्व सैनिक और हरीश शामिल रहे। कलश यात्रा के भव्य आयोजन के बाद कथा पंडाल में विराजमान कथा व्यास अनीता शास्त्री ने श्रीमद्भागवत महापुराण का महात्म्य बताते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मानव जीवन के तीनों तापों दैहिक (शारीरिक), दैविक (आध्यात्मिक) और भौतिक (सांसारिक) कष्टों को हरने वाली है। इसी पावन कथा के माध्यम से ब्रह्मा, विष्णु और महेश द्वारा विश्व की उत्पत्ति, स्थिति और संहार का चक्र संचालित होता है, जैसा कि शास्त्रों में 'विश्वोत्पत्यादि हेतवे कहकर वर्णित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह भागवत कथा मनुष्य को पुण्य प्रदान करने वाली और उसके अनजाने में हुए पापों को नष्ट करने वाली है। आयोजन समिति ने बताया कि क्षेत्र के श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आगे की कथा का समय दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा।

**इन्होंने लगाई हाजिरी**

कलश यात्रा और कथा के शुभारंभ पर उपस्थित प्रमुख महिलाओं में सुजीता, बिम्मी, सुषमा, सरोज, राजबाला, संतोष, नीतू, ज्योति, गंगा, सुशीला, मनजीत, पूनम, निशा, सुनीता, बाला, वीना, मिथलेश, पिंका, बबीता, दीपांशी, नीतू, कविता, सीमा, शबनम और अनन्या सहित सैकड़ों महिलाओं ने बढ़-चढ़कर अपनी हाजिरी लगाई।

## चार धाम की यात्रा कर बुशान मंदिर पहुंचे महंत पूर्णनाथ, ग्रामीणों ने किया स्वागत

तोशाम। बाबा बीरबल नाथ बुशान मंदिर के गद्दी महंत पूर्ण नाथ महाराज चार धाम की धार्मिक यात्रा पूर्ण कर सोमवार को बुशान मंदिर पहुंचे। इस मौके पर ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ों व फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। महंत पूर्ण नाथ महाराज ने बताया कि चार धाम की यात्रा के दौरान जन कल्याण, विश्व कल्याण, देश एवं गांव में सुख शांति की कामना की। उन्होंने बताया कि यात्रा अत्यंत कठिन होती है। जोकि महाकाल की कृपा से सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म को और बल एवं मजबूती प्रदान करना है। महंत ने बताया कि जगन्नाथ, रामेश्वर, द्वारकाधीश और बद्रीनाथ भारत के सबसे पवित्र और प्रमुख धाम है।यह तीर्थ यात्रा सनातन धर्म के अनुसार पूरे भारत को चार दिशाओं में आध्यात्मिक रूप से जोड़ती है।लंका पर चढ़ाई करने से पहले भगवान राम ने यहां भगवान शिव की पूजा की थी।इन चारों धामों की यात्रा करने से मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है। रामेश्वर का रामनाथस्वामी मंदिर आध्यात्मिक, इतिहास और स्थापत्य कला की भव्यता का अनूठा संगम है। भगवान राम अपने भाई लक्ष्मण और परम भक्त हनुमान के साथ रावण से सीता को बचाने के लिए लंका जाते समय रामेश्वर गए थे। बद्रीनाथ उतर भारत का एक भव्य स्थान है। जहां दिव्यता और प्रकृति की शांति का संगम होता है। बद्रीनाथ अलकनंदा नदी का उद्गम स्थल भी है। इस अवसर पर केर नाथ महाराज, पूर्व सरपंच बीर सिंह, कोच जयसिंह कालीरमन, अशोक अग्रवाल,सत्यवान शर्मा, विकास शास्त्री, सुबेसिंह नम्बरदार, शमसेर सिंह, रविन्द्र सिहाग, सुमेर भाकर, भगत सिंह बुरा, करतार सिहं, रविन दहिया, लक्ष्मीनारायण चौहान, सतीश पहल, सुनिल अग्रवाल, मा. मंजीत, पवन कोच, ओमप्रकाश सहित गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।



तोशाम। महंत का सम्मान करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**न्यूज डायरी**



### खरक कला में दस खेली को बनाया बेजुबानों की प्यास बुझाने का साधन

भिवानी। भीषण गर्मी के बीच जहां बेजुबान पशु पक्षी पानी की कमी से जूझ रहे है वहीं युवा सर्व समाज द्वारा लगातार उनकी सेवा में जुटी हुई है। गांव खरक कला के बस स्टैंड पर दस नए खेली अनेक जगह पर स्थापित करवाई उसमें पानी भरकर बेजुबानों के लिए स्थायी जल व्यवस्था सुनिश्चित की। समाजसेवी दीपक परमार के अध्यक्षता में यह कार्य हो रहा है इस मौके पर धानक जनकल्याण मंच प्रदेश अध्यक्ष संदीप खरकिया ने कहा कि गर्मी के मौसम में पशुओं और पक्षियों को सबसे अधिक आवश्यकता पानी की होती है। उन्होंने कहा कि इंसानियत केवल लोगों की सेवा तक सीमित नहीं है बल्कि बेजुबानों की देखभाल करना भी हमारा नैतिक कर्तव्य है। इस मौके पर मोनू वशिष्ठ, सचिन परमार, सुक्कू राजपूत, रविंद्र खरकिया, नवीन सोनी, कुलदीप परमार, अमित परमार, विनोद परमार, साहिल यादव, राजू शर्मा, मोनू यादव, आदि सर्व समाज की युवा मौजूद थे।

### श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने के लिए वरिष्ठ नागरिक 6 तक करें ऑनलाइन आवेदन

चरखी दादरी। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की ओर से देशभर में 11 जनवरी 2026 से 11 जनवरी 2027 तक मनाए जा रहे 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व-1000 वर्ष की धैर्यगाथा, अटूट आस्था' कार्यक्रम के तहत हरियाणा सरकार की ओर से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेशभर के श्रद्धालुओं को श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग की धार्मिक यात्रा करवाने का निर्णय लिया है। इच्छुक श्रद्धालु यात्रा का लाभ उठाने के लिए 6 जून तक स्वयं अपने स्मार्ट फोन या नजदीकी अटल सेवा केंद्र/सीएससी से सरल पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। श्रद्धालुओं को 'पहले आओ-पहले पाओ' के आधार पर स्पेशल ट्रेन में बुकिंग मिलेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 8 जून को कुरुक्षेत्र से झंडी दिखाकर रेल को रवाना करेंगे। स्पेशल ट्रेन कुरुक्षेत्र से चलकर करनाल, पानीपत, सोनीपत, दिल्ली आदि रेलवे स्टेशनों से होते हुए श्री सोमनाथ तक जाएगी। जिला के पंजीकृत श्रद्धालु नजदीकी स्टेशन से विशेष रेल में सवार होंगे। स्टेशन तक पहुंचने की सुविधा श्रद्धालुओं को अपने स्तर पर करनी होगी। यात्रा के दौरान स्पेशल ट्रेन सहित धार्मिक स्थल पर किसी भी प्रकार का धूम्रपान या अन्य नशीले पदार्थों का सेवन प्रतिबंधित रहेगा। श्रद्धालुओं को पंजीकरण कराने उपरांत ही स्पेशल ट्रेन में बैठने की अनुमति दी जाएगी।

**खबर संक्षेप**

### किसान सभा ने बैठक में आंदोलन को लेकर की चर्चा

बहल। अखिल भारतीय किसान सभा की बैठक गांव ओबरा में सभा के जिला प्रधान रामफल देशवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन सभा के जिला सचिव मास्टर जगरोशन ने किया। बैठक में वर्तमान में सिवानी से सोनीपत जाने वाली 400 केवी टावर लाइन का न्यायोचित मुआवजे बिधवान से ईशरवाल जाने वाली 33 केवी लाइन के मुआवजे, 2023 के खरीफ फसल के 350 करोड़ रुपए बकाया बीमा क्लेम प्राप्ति हेतु चलाए जा रहे लोहारू आंदोलन की समीक्षा पर चर्चा हुई।

### मैसर्स जीएस ग्लोबल एमओयू पर किए हस्ताक्षर

बहल। शिक्षा, साहित्य में अंतरराष्ट्रीय पटल पर आभा बिखेरने के बाद अब उद्योग क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। बहल के पूर्व सरपंच एवं उद्योगपति गजानंद अग्रवाल की फर्म मैसर्स जीएस ग्लोबल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता काराज्य में औद्योगिक निवेश और रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यह एमओयू गुरुग्राम में सोमवार को मुख्यमंत्री द्वारा "मेक इन इंडिया" के तहत आयोजित कार्यक्रम में 'मेक इन हरियाणा' नीति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नौ नई सेक्टोरल नीतियों व स्मार्ट निवेश सुविधा पोर्टल के शुभारंभ अवसर पर साइन किया।

## समर कैंप के दौरान विद्यार्थियों ने सीखी स्वस्थ जीवन शैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

आसलवास दुबिया स्थित सरस्वती विद्या विहार में आयोजित निशुल्क समर कैंप के अंतर्गत विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए विभिन्न ज्ञानवर्धक एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विद्यार्थियों के लिए "योगा फन एक्टिविटी" तथा "हेल्पिंग हैंड ट्री क्राफ्ट एक्टिविटी" का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योगा फन एक्टिविटी के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न सरल योगासन, प्राणायाम एवं स्वास्थ्यवर्धक गतिविधियों के



माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के महत्व से अवगत कराया गया। प्रशिक्षकों एवं अध्यापकों के मार्गदर्शन में बच्चों ने योग को खेल-खेल में सीखते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

## जेईई एडवांस में आरपीएस के मयंक ने ऑल इंडिया में पाई 77वीं रैंक



महेंद्रगढ़। देश की सबसे बड़ी आईआईटी/जेईई एडवांस्ड परीक्षा परिणाम में आरपीएस संस्था के मयंक कुमार ने ऑल इंडिया में 77वीं व अमन सिंघल ने 99वीं व खुशी अग्रवाल ने 101 वीं कैटेगरी रैंक प्राप्तकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। जेईई एडवांस्ड परीक्षा में आरपीएस के 104 से अधिक विद्यार्थियों ने बेहतरीन रैंक के साथ क्वालीफाई करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। वहीं मयंक ने 461वीं कॉमन रैंक व भव्य सतिजा ने 864 वीं कॉमन रैंक प्राप्त कर पूरे इंडिया में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। आरपीएस संस्था सीईओ इंजि. मनीष राव ने बताया कि सोमवार को घोषित आईआईटी/जेईई एडवांस्ड के परीक्षा परिणाम में अपनी कैटगरी में मयंक कुमार ने ऑल इंडिया में 77वीं कैटेगरी व 461वीं कॉमन रैंक, अमन सिघंल ने 99वीं कैटेगरी रैंक के साथ-साथ खुशी अग्रवाल ने कैटेगरी 101वीं रैंक, विनित कुमार ने 162वीं रैंक, नैतिक अग्रवाल ने 187वीं रैंक, वैभव महता ने 289वीं रैंक, सुमित यादव ने 511वीं रैंक, केशव कुमार ने 621वीं रैंक, मिलन ने 776 वीं रैंक, चिन्मय ने 852वीं रैंक, गौरव ने 892 वीं रैंक भव्य सतिजा ने 864वीं कॉमन रैंक हासिल की है।

## जिले में अब तक 1.43 लाख से अधिक पशुओं का हो चुका है सुरक्षित टीकाकरणः डॉ. रविंद्र

■ मुंहखुर एवं गलघोटू जैसी जानलेवा बीमारियों से बचाव का एकमात्र उपाय टीकाकरण : डॉ. विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। मुंहखुर एवं गलघोटू का वैक्सीनेशन करते चिकित्सक ।फोटो : हरिभूमि

ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ माने जाने वाले पशुधन को सुरक्षित एवं रोगमुक्त बनाने के लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने मुंहखुर एवं गलघोटू का संयुक्त टीकाकरण अभियान चलाया।

विभाग की मुस्तैदी और आधुनिक ऑनलाइन पंजीकरण प्रणाली के समन्वय से अब तक एक लाख 43 हजार पशुओं का सफलतापूर्वक टीकाकरण किया जा चुका है। पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. रविन्द्र सहरावत ने बताया कि जिले में पशुधन को जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए कुल दो लाख 83 हजार पशुओं के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया है। विभाग लक्ष्य को समय रहते हासिल करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रहा है। अभियान की सबसे बड़ी विशेषता इसका जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन है। विभाग की विशेष टीमें ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर टीकाकरण कार्य कर रही है, जिससे पशुपालकों को मवेशियों को दूर दराज अस्पतालों में ले जाने की असुविधा से मुक्ति मिली है। डॉ. रविंद्र सहरावत ने कहा कि हमारी टीमें पूरी निष्ठा से घर-घर जाकर पशुओं को सुरक्षा कवच प्रदान कर रही हैं। टीकाकरण अभियान का पूरा ब्योरा भी दर्ज किया जा रहा है।

## अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मचारियों को जल्द मिलेगी पेंडिंग सैलरी

भिवानी। अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मचारी संघ 2107 (संबंधित भारतीय मजदूर संघ) की भिवानी इकाई ने आज स्वास्थ्य विभाग हरियाणा के निदेशक डॉ. ब्रह्मदीप जी से मुलाकात की और कर्मचारियों की रुकी हुई सैलरी को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने के दौरान कर्मचारियों की मांगों को ध्यान से सुनने के बाद निदेशक डॉ. ब्रह्मदीप जी ने आश्वस्त किया कि भविष्य में बहुत जल्द ही पेंडिंग सैलरी वाला यह मामला पूरी तरह निपटा दिया जाएगा और सभी को उनकी बकाया सैलरी मिलेगी। एचकेआरएन में बात कर तुरंत समाधान कराने का दिया भरोसा निदेशक ने विश्वास दिलाया कि वे इस पेंडिंग सैलरी के रिगार्डिंग तुरंत हरियाणा कौशल रोजगार निगम में बात करेंगे, ताकि तकनीकी अड़चनों को दूर कर जल्द से जल्द कर्मचारियों की पेंडिंग सैलरी की समस्या का समाधान करवाया जा सके। फैमिली आईडी के कारण फंसा है वेतन निदेशक ने स्पष्ट किया कि मुख्य रूप से फैमिली आईडी के इशू के कारण सैलरी पेंडिंग हुई है। उन्होंने जल्द से जल्द इस तकनीकी समस्या का समाधान करवाने का आश्वासन दिया है। भविष्य के लिए हर महीने निश्चित तिथि का आश्वासन स्वास्थ्य कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए डॉ. ब्रह्मदीप जी ने कहा कि भविष्य में आगे से हर महीने एक निश्चित तिथि (फिक्स डेट) तक आपकी हर महीने की सैलरी का भुगतान कर दिया जाया करेगा, ताकि कर्मचारियों को भविष्य में किसी तरह की परेशानी न उठानी पड़े। कर्मचारियों के हितों के लिए हर स्तर पर लड़ेंगे लड़ाईः जिला अध्यक्ष इस मौके पर अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, जिला भिवानी के जिला अध्यक्ष आबिद खान ने हुंकार भरते हुए कहाः"अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मचारी संघ 2107 (सम्बन्धित भारतीय मजदूर संघ) हमेशा से कर्मचारियों के हितों की लड़ाई लड़ता आया है।

## बोर्ड अध्यक्ष धूपड़ ने विभिन्न शाखाओं का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी के अध्यक्ष शंकर लाल धूपड़ ने मंगलवार को बोर्ड परिसर में निर्माणाधीन अटल बहुउद्देशीय सभागार का निरीक्षण किया तथा बोर्ड की विभिन्न शाखाओं की कार्यप्रणाली और लंबित फाइलों की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान शंकर लाल धूपड़ ने सबसे पहले बोर्ड परिसर में निर्माणाधीन अटल बहुउद्देशीय सभागार का निरीक्षण किया और इसे तय समय सीमा पर पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने निर्माण स्थल पर इधर-उधर पड़ी अव्यवस्थित निर्माण सामग्री पर असंतोष व्यक्त किया तथा संबंधित अधिकारियों को तुरंत सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने कार्यालय में विभिन्न शाखाओं में जाकर कर्मचारियों की उपस्थिति और लंबित मामलों का जायजा लिया तथा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि बोर्ड के कार्यों में पारदर्शिता और समयबद्धता कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने लंबित मामलों का शीघ्र निपटान करने बारे भी आदेश दिए।

### अमेरिका-भारत मुक्त व्यापार समझौता आमजन के हितों के भी खिलाफ : रोहतास सैनी

तोशाम। ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिला प्रधान रोहतास सिंह सैनी ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि देश के किसानों के विरोध के बावजूद दिल्ली में 1 तारीख से अमेरिका भारत ट्रेड डील पर मोदी सरकार चर्चा करने जा रही है जो चार दिन चलेगी। इसमें अमेरिका की ओर से ब्रेंडन लिंच और भारत की तरफ़ से वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव दर्पण जैन मुख्य वार्ताकार हैं। अब तक जो जानकारी बाहर आ रही है उससे यह जाहिर हो चुका है कि यह समझौता भारत के किसानों के लिए बर्बादी के सिवाय अन्य कुछ नहीं है। दोनों पक्ष फरवरी में हुए अंतरिम समझौते के विवरण को अंतिम रूप देने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन इस वार्ता का सख्त विरोध करता है और भारत सरकार से मांग करता है कि भारत की कृषि और किसानों के हितों के खिलाफ किसी तरह का कोई समझौता न किया जाए।

## योगाभ्यास को लेकर बलिदान स्टेडियम में होगा विशेष कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

इस साल 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम से पहले सभी जिलों में योगाभ्यास के विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए जिला स्तर पर अलग अलग विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इसी कड़ी में 4 जून को सुबह 6 बजे जनता कालेज के बलिदाल स्टेडियम में कार्यक्रम होगा, जिसमें महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी मुख्यतिथि होंगी और दादरी के विधायक सुनील सतपाल सांगवान व बाढड़ा के विधायक उमेद पातुवास विशिष्ठ अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। जिला में कार्यक्रम के आयोजन की जिम्मेदारी उच्चतर शिक्षा विभाग को दी गई है। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर विभाग के महानिदेशक एस नारायणन ने वीसी से समीक्षा की।

वीसी के बाद अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबुलाल करवा ने अधिकारियों के साथ मंथन करते हुए कहा कि सामान्य योग प्रोटोकॉल के तहत 4 जून को जनता कालेज के बलिदान स्टेडियम में योगाभ्यास होगा। उन्होंने तैयारियों की विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियां सौंपीं और कहा कि कार्यक्रम को लेकर सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

### गोसम्मान आह्वान अभियान को पांच ग्राम पंचायतों ने दिया समर्थन

# गोमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलवाने की मुहिम तेज, जनमानस का मिल रहा समर्थन

**27 जुलाई को महाहस्ताक्षर अभियान**

■ भारत की सांझी संस्कृति, श्रीसनातन परम्परा एवं अटूट आस्था का जीवंत प्रतीक है गाय : आशीष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। गोमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलवाने को चल रहे अभियान को समर्थन करते पंचायत प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि

गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने और गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलवाने को शुरू किया गौ सम्मान आह्वान अभियान अब जन-आंदोलन का रूप लेता जा रहा है। इस मुहिम के तहत चलाए जा रहे जनजागरुकता अभियान को हर वर्ग एवं समाज का भरपूर सहयोग मिल रहा है। इसी कड़ी में वृंदावन से आए स्वामी रामतीर्थ दास महाराज की प्रेरणा से मंगलवार को सरपंच एसोसिएशन के प्रधान व गांव कालुवास के सरपंच आशीष बेनिवाल, गांव पालुवास के सरपंच प्रतिनिधि रणबीर फौजी, नाथुवास के सरपंच विजय, गुजरानी के सरपंच प्रतिनिधि विजय गौतम, निनान के सरपंच प्रतिनिधि संजू पांच ग्राम पंचायतों ने अपना पूर्ण एवं बिना शर्त समर्थन देने का ऐलान किया है, जिससे आगामी 27 जुलाई को होने वाले महाहस्ताक्षर अभियान को नई ऊर्जा एवं गति मिली।

सरपंच एसोसिएशन के प्रधान एवं कालुवास के सरपंच आशीष बेनिवाल व पालुवास के सरपंच प्रतिनिधि रणबीर फौजी ने एक सुर में कहा कि गाय केवल पशु नहीं है, बल्कि वह भारत की सांझी संस्कृति, श्रीसनातन परम्परा और अटूट आस्था का जीवंत प्रतीक है। गोमाता का संरक्षण और संवर्धन हमारी नैतिक और सांस्कृतिक जिम्मेदारी है। देशभर में गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगना ही चाहिए और उन्हें राष्ट्रमाता का गौरवपूर्ण सम्मान मिलना चाहिए। इस संकल्प की सिद्धि के लिए हमारे गांवों का बच्चा-बच्चा तन-मन-धन से जुटेगा और आगामी 27 जुलाई के महाहस्ताक्षर अभियान को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाएगा। इस अवसर पर गोपी पालुवास, आशीष पालुवास, अंकित शर्मा, कुकी परमार व सक्षम आदि मौजूद रहे।

**सकारात्मक और प्रेरणादाई शुरुआत**

गौरक्षा दल के प्रधान संजय परमार ने ग्राम पंचायतों के इस कदम का स्वागत करते हुए इसे अत्यंत सकारात्मक और प्रेरणादाई शुरुआत बताया। परमार ने कहा कि अभियान केवल मांग नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान को वापस पाने का पवित्र यज्ञ है, जिस गति से लोग और पंचायतें मुहिम से जुड़ रही हैं, उसने साफ कर दिया कि गौमाता के प्रति हर नागरिक के दिल में गहरी श्रद्धा, आस्था एवं सम्मान है।

## स्वच्छ पेयजल आपूर्ति प्रशासन का प्रथम प्रयासः संदीप कुमार

■ एसडीएम ने जलघरों व जल संरक्षण प्रयोगशाला का निरीक्षण करके अधिकारियों से जानकारी लेकर दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम



एसडीएम संदीप कुमार ने मंगलवार को तोशाम व पटोदी जल घरों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में लोगों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति ही प्रशासन का प्रथम प्रयास है। एसडीएम ने तोशाम जलघर में जल संरक्षण प्रयोगशाला का निरीक्षण करके अधिकारियों से जल घरो में बनाए गए स्टोरज टंको मे पानी उपलब्धता की जानकारी लेकर उन्हें दिशा निर्देश भी दिए ।

संदीप कुमार ने कहा कि प्रशासन द्वारा लोगों को स्वच्छ पेयजल की नियमित रुप से सप्लाई करवाई जा रही है। उन्होंने तोशाम जल घर में बने स्टोरेज टैंकों का निरीक्षण करने उपरांत कहा कि लोगों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति उपलब्ध हो इसके लिए प्रशासनिक अधिकारी आपसी तालमेल करके बेहतर पेयजजल सप्लाई करवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि तोशाम जल घर में भारत की सबसे सर्वश्रेष्ठ क्वालिटी कंट्रोल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला है। बता दे कि तोशाम स्थित जल घर में क्वालिटी कंट्रोल ऑफ़ इंडिया से प्रमाणित प्रयोगशाला है। यहां आकर कोई भी व्यक्ति अपने पेयजल की जांच करवा सकता है। इसके अलावा विभाग ने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म प्रणाली पर भी यह व्यवस्था की गई है और सरकार द्वारा सभी ग्राम पंचायत को भी इसके साथ जोड़ा गया है। ताकि वे अपने गांव में होने वाली पेयजल सप्लाई की यहां जांच करवा लें।

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एसडीओ विक्रम पूनिया ने पेयजल सप्लाई के लिए जल घरों में पानी के संरक्षण पानी की सप्लाई फिल्टर करके भेजने सहित अन्य जानकारियां देते हुए बताया कि तोशाम में सभी 9 स्टोरज टेंक पानी के भरे हुए है। वहीं पटोदी के दोनों टेंक जल्द ही पानी के भर जायेंगे। पेयजल सप्लाई की कमी नहीं रहने दी जाएगी ।

## खबर संक्षेप


भिवानी। संस्कृत प्रवक्ता जयभगवान मांढी को सम्मानित करते शिक्षक।

### संस्कृत प्रवक्ता जयभगवान सेवानिवृति पर सम्मानित

**बाढ़ड़ा।** मांढी निवासी संस्कृत प्रवक्ता जयभगवान मांढी राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुढ़ेड़ा से 28 वर्ष चार माह की सेवाएं पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। उनके सम्मान में उनके आवास पर विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया, जिसमें शिक्षा विभाग के अधिकारियों, प्राचार्यों, शिक्षकों तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर उनके योगदान को नमन किया। अपने लंबे सेवाकाल के दौरान जयभगवान मांढी ने भिवानी एवं हिसार जिलों के विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों को संस्कृत भाषा का ज्ञान देने के साथ-साथ नैतिक मूल्यों, अनुशासन एवं संस्कारों की शिक्षा भी दी। इस अवसर पर पूर्व कलस्टर हैड करणसिंह, बीईओ फतेहसिंह बावल रेवाड़ी, बीएड कॉलेज लोहारू की प्राचार्य विष्णु प्रभा, प्राचार्य भरतसिंह, रघुवीर सिंह आदि ने उन्हें स्मृति चिन्ह एवं सम्मान-पत्र भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कृष्ण , विनोद मांढी, पूर्व सरपंच राकेश बाढ़ड़ा आदि मौजूद रहे।

### हीटवेव से बचाव के लिए सावधानी बरतें: डीसी

**भिवानी।** उपायुक्त साहिल गुप्ता ने कहा कि भीषण गर्मी और हीटवेव के दौरान थोड़ी सी लापरवाही भी स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। उन्होंने नागरिकों से स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन द्वारा जारी एडवाइजरी का पालन करने की अपील की है। डीसी ने कहा कि लोग दिनभर पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं, हल्के और सूती कपड़े पहनें तथा दोपहर के समय अनावश्यक रूप से धूप में निकलने से बचें। बुजुर्गों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बीमार व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने बताया कि चक्कर आना, तेज सिरदर्द, अत्यधिक कमजोरी, बेहोशी, उल्टी या शरीर का तापमान बढ़ना हीट स्ट्रोक के प्रमुख लक्षण हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सकीय सहायता लेनी चाहिए।

# गृहकार्य को लेकर नई पहल... 'खेल नर्सरी के सहारे होमवर्क पूरा करवाने की तैयारी'

- सुबह सवेरे होमवर्क की नोटबुक देखते पीटीआई पींकू

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी**

कई दफा गर्मी की छुट्टियां खत्म होने के दो से तीन दिन पहले बच्चे होमवर्क पूरा करने में जी जान से जुट जाते है। कई बार उनका होमवर्क पूरा भी नहीं होता। स्कूल खुल जाते हैं,लेकिन होमवर्क बीच में ही लटकने की वजह से शिक्षकों की डांट फटकार पड़ती है। पर घुसकानी के वीर शहीद कैप्टन ओपी दलाल राजकीय उच्च विद्यालय के शारीरिक शिक्षक ने इसका तोड़ निकाल लिया। स्कूल में चल रहे खेल नर्सरी में आने वाले बच्चों की नोटबुक को देखते हैं। वह देखते हैं कि बच्चे ने होमवर्क पूरा किया या नहीं। एक बच्चे की दोबारा नोटबुक एक सप्ताह बाद चेक की जाती है। इस दौरान यह देखा जाता है कि एक सप्ताह में कितना होमवर्क किया। इस दौरान यह चीज भी जांची जा रही है कि बच्चे ने होमवर्क करने का शेडयूल बनाया है नहीं। शारीरिक शिक्षक पींकू उनको होमवर्क करने का शेडयूल भी बनाने के लिए कह रहे है। इसमें मसलन गणित, हिंदी व अंग्रेजी के सुलेख, याद करने के लेशन के अलग अलग समय निर्धारित करना शामिल है। स्कूल में इस तरह का कार्यक्रम चलने के बाद रोजाना स्कूल में बच्चों की संख्या बढ़ रही है। खेल नर्सरी में भाग लेने वाले बच्चों के अलावा 60 प्रतिशत बच्चे स्कूल में पहुंच रहे हैं। उक्त शिक्षक खेल नर्सरी में बच्चों को अभ्यास के साथ साथ उन बच्चों के होमवर्क की नोटबुक चेक कर रहे है,जो स्कूल में पहुंच रहे है। एक घंटे के बच्चों को घर भेज दिया जाता है।


भिवानी। सुबह सवेरे नोटबुक में होमवर्क देखते शारीरिक शिक्षक पींकू।

### इसलिए लिया फैसला

अक्सर जिस वक्त बच्चों की गर्मी की छुट्टियां पड़ जाती है तो उस वक्त बच्चों का स्कूल जाने का शेडयूल खतम हो जाता है और बच्चे आरामपरस्त हो जाते है। इस दौरान वे शिक्षकों द्वारा दिए गए होमवर्क को रोजाना एक दिन आगे सरका देते है। आज नहीं कल से होमवर्क शुरू कर देंगे,लेकिन रोजाना इस तरह के रवैये से एक दिन छुट्टियां तो खत्म हो जाती है और उनका होमवर्क पूरा नहीं हो पाता। इस वजह से वह बच्चा पढ़ाई में अन्य बच्चों से पीछे रह जाता है। अगर रोजाना बच्चे से शिक्षक होमवर्क शुरू करने के बारे में पूछेगा तो वह देर सवेर होमवर्क करना शुरू कर देगा।

### जो बच्चे छुट्टियों का होमवर्क दिखाने नहीं पहुंचते, उनके घर जाएंगे शिक्षक

अधिकांश बच्चे होमवर्क चेक कराने के लिए स्कूल में पहुंच रहे है। इससे इस बात की तसल्ली हो जाती है कि बच्चे घर में गर्मी की छुट्टियों का दिया गया होमवर्क कर रहे है। शारीरिक शिक्षक विनोद पींकू ने बताया कि इस दौरान जो बच्चा स्कूल में नहीं आ रहा है। दस दिन बाद उसके घर जाकर अभिभावकों से होमवर्क के बारे में बातचीत की जाएगी। अभिभावकों से यह जानकारी ली जाएगी कि बच्चे ने होमवर्क शुरू किया है या नहीं। अगर नहीं किया तो उसका होमवर्क अभिभावक अपनी देखरेख में पूरा करवाए। ताकि बच्चे गर्मी की छुट्टियों में अपने सिलेबस की तैयारी कर सके। इस अभियान के लिए वे स्कूल के अन्य शिक्षकों को साथ लेकर गांव में घर घर जाएंगे। शारीरिक शिक्षक विनोद पींकू ने बताया कि स्कूल में गर्मी की छुट्टियों में बच्चों को नियमित रूप से सॉफ्टबॉल खेल की बारीकियां सिखाई जा रही हैं। खेलों के माध्यम से बच्चों में टीम भावना, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं स्वस्थ जीवनशैली का विकास किया जा रहा है। साथ ही विद्यार्थियों को पढ़ाई के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें गृहकार्य नियमित रूप से पूरा करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। विनोद पिंकू द्वारा बच्चों के गृहकार्य की जांच भी स्कूल के खेल मैदान में की जा रही है ताकि अवकाश के दौरान उनकी पढ़ाई प्रभावित न हो।

# जूनियर नेशनल स्पीड हैंडबॉल में गोल्ड जीत भिवानी की बेटियों ने रचा इतिहास

## गांव धनाना की स्वीटी बेस्ट प्लेयर व ज्योति को मिला बेस्ट गोल कीपर का खिताब


भिवानी। कोच के साथ जूनियर नेशनल स्पीड हैंडबॉल में गोल्ड जीतने वाली टीम।

- फाइनल मुकाबले में हरियाणा ने चंडीगढ़ की टीम को बड़े अंतर से दी पटकनी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी**

उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के गोपीनाथ महाविद्यालय में हुई दूसरी जूनियर नेशनल स्पीड हैंडबॉल टूर्नामेंट में हरियाणा की टीम ने अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया और शानदार जीत दर्ज की है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर के 20 राज्यों की टीमों ने हिस्सा लिया, जिन्हें पछाड़ते हुए हरियाणा ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जहां हरियाणा का सामना चंडीगढ़ की टीम से हुआ। शुरुआत से ही मैच पर दबदबा बनाएं रखते हुए हरियाणा की टीम ने चंडीगढ़ को 35-16 के बड़े अंतर से हराकर खिताब अपने नाम किया। मैदान पर हरियाणा के खिलाड़ियों की फुर्ती एवं तालमेल देखने लायक था। जीत की सबसे खास बात रही कि विजेता हरियाणा टीम में जिला भिवानी के धनाना गांव की पांच बेटियां स्वीटी, ज्योति, तन्नु, साक्षी व पूजा ने हिस्सा लिया। इन बेटियों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भिवानी जिला व धनाना गांव गर्व से फूला नहीं समा रहा है। वहीं खिलाड़ी स्वीटी को टूर्नामेंट का बेस्ट प्लेयर व ज्योति को बेस्ट गोल कीपर के खिताब से नवाजा गया। ग्रामीण अंचल से निकलकर राष्ट्रीय पटल पर चमकने वाली बेटियों ने साबित कर दिया कि अगर हौसला बुलंद हो तो कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। गांव धनाना की स्वीटी को पूरे टूर्नामेंट में अपने लाजवाब खेल के बदौलत बेस्ट प्लेयर के खिताब व धनाना की ज्योति को अपनी अभेद्य दीवार जैसी गोल कीपिंग करने के दम पर बेस्ट गोल कीपर का खिलाब मिलने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल हैं। बेटियों की स्वर्णिम सफलता के पीछे उनके कड़े परिश्रम के साथ-साथ उनके मार्गदर्शकों का भी बहुत बड़ा योगदान रहा। इस मुकाम पर पहुंचने में हरियाणा स्पीड हैंडबॉल के सीनियर प्रेसिडेंट सुशील अत्री, कबड्डी कोच वजीर घणघस, प्रधान सोमबीर, जयभगवान घणघस, सतीश, उत्तम, अमित व महिला कोच ममता कालिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


भिवानी। अतिथियों के साथ पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी। फोटो: हरिभूमि

### चैंपियनशिप में बर्डी बैडमिंटन एरिना के खिलाड़ियों ने जीते 25 पदक

- अंडर-11, 13, 15 व 17 व 19 आयुवर्गों में बर्डी बैडमिंटन एरिना के खिलाड़ी रहे विजेता व उपविजेता

**भिवानी।** मिनी क्यूबा के नाम से विश्वभर में मशहूर भिवानी की धरा अब न केवल मुक्केबाजी, बल्कि बैडमिंटन क्षेत्र में भी अद्वितीय धमक एवं पहचान स्थापित कर रही है। भीम स्टेडियम में हुई चार दिवसीय जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप-2026 में बजरंग बली कॉलोनी स्थित बर्डी बैडमिंटन एरिना के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट एवं तकनीकी खेल का शानदार प्रदर्शन कर सफलता के नए झंडे गाड़े हैं तथा विभिन्न आयुवर्गों में 25 पदक हासिल किए।

टूर्नामेंट में बर्डी बैडमिंटन एरिना के खिलाड़ियों का दबदबा रहा, जिन्होंने विभिन्न आयु वर्गों में चैंपियन और रनर-अप बनकर जिले में अपनी श्रेष्ठता साबित की। एरिना के मुख्य कोच महेश शर्मा व शुभम शर्मा ने संयुक्त रूप से सभी विजेता खिलाड़ियों की सूची सांझा की और उनकी पीठ थपथपाई। शर्मा ने बताया कि अंडर-11 आयु वर्ग की सिंगल्स प्रतिस्पर्धा में अरिहान शर्मा विजेता व युवंश उपविजेता रहे। वहीं अंडर-13 की सिंगल्स में देवेन संधू विजेता तथा अरिहान शर्मा उपविजेता रहे। अंडर-13 की डबल्स में देवेन व सत्य विजेता और दिव्यम एवं रीतिक की जोड़ी उपविजेता रही। अंडर-15 की सिंगल्स में देवांशु विजेता। अंडर-15 की डबल्स में तनिष्क व प्रत्यक्ष की जोड़ी विजेता तथा अंशुल व ओम की जोड़ी उपविजेता रही। अंडर-17 की सिंगल्स में सूर्यांश विजेता, जबकि दिव्यांशू उपविजेता रहे। अंडर-17 की डबल्स में सूर्यांश और नमन की जोड़ी विजेता, जबकि दिव्यांशु और देवांशु की जोड़ी उपविजेता रही। अंडर-19 की सिंगल्स में सूर्यांश विजेता रहे। अंडर-19 की डबल्स में दिव्यांशु और देवांशु की जोड़ी विजेता, नमन बागला व सूर्यांश की जोड़ी उपविजेता रही। वहीं लड़कियों के वर्ग में अंडर-15 की सिंगल्स में याशना ने विजेता और कायरा उपविजेता रहीं। अंडर-17 की सिंगल्स में प्रकृति विजेता व दिव्यांशी उपविजेता रही। अंडर-17 की डबल्स में दिव्यांशी व प्रकृति की जोड़ी विजेता तथा काव्या व गारिका की जोड़ी को उपविजेता रही। वहीं अंडर-17 की मिक्स डबल्स में सूर्यांश व प्रकृति की जोड़ी विजेता तथा दिव्यांशु व दिव्यांशी की जोड़ी उपविजेता रही।


भिवानी। देवसर चुंगी डिस्पोजन पर यूनियन की ब्रांच अर्धशहरी की बैठक को संबोधित करते अनिल बागड़ी। फोटो: हरिभूमि

# वादा खिलाफी को लेकर कर्मचारी 16 और 17 को सौंपेंगे ज्ञापन

- 4 व 18 जुलाई को मंत्रियों के आवासों का होगा महाघेराव
- बार-बार मीटिंगों के बावजूद कर्मियों की मांगों को पूरा नहीं कर रही सरकार: बागड़ी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी**

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ के बैनर तले कर्मचारियों का गुस्सा फूट पड़ा। मंगलवार को देवसर चुंगी डिस्पोजल पर यूनियन की ब्रांच अर्धशहरी की बैठक हुई, जिसमें सरकार की दमनकारी एवं टालमटोल वाली नीतियों के खिलाफ जमकर रोष प्रकट किया और आगामी बड़े आंदोलन का बिगुल फूंक दिया। बैठक का संचालन प्रवीण बडेसरा ने किया तथा अध्यक्षता जिला प्रधान अनिल बागड़ी ने की। बैठक में राज्य कमेटी के आह्वान पर आगामी आंदोलन की मजबूत रूपरेखा तैयार की। लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर कर्मचारियों के भीतर भारी गुस्सा और उत्साह देखने को मिला। राज्य कमेटी के फैसलों का सभी कार्यकर्ताओं ने पुरजोर समर्थन किया और फूल-मालाएं पहनाकर संघर्ष के मार्ग पर आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

### सिंचाई विभाग मंत्री के आवास का घेराव किया जाएगा

इस मौके पर मैकेनिकल विंग के राज्य उपप्रधान सूरजभान जटासरा, जिला प्रधान अनिल बागड़ी, जिला सचिव सोमबीर पालुवास व जिला कोषाध्यक्ष विनोद तंवर आदि उपस्थित रहे। जिला प्रधान अनिल बागड़ी ने सरकार को सीधे शब्दों में चेतावनी दी और 16 व 17 जून को भिवानी जिले के सभी डीडीओ और एक्सईएन कार्यालयों के माध्यम से ईआईसी के नाम मांगपत्र और ज्ञापन सौंपने का ऐलान किया। ब्रांच प्रधान सुंदर हालुवास ने आंदोलन को और तेज करने की घोषणा करते हुए कहा कि सरकार बार-बार बैठकें करने के बावजूद कर्मचारियों के मुख्य मुद्दों को हल करने के लिए टस से मस नहीं हो रही है। इस हठधर्मिता के खिलाफ अब आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। वक्ताओं ने कहा कि 4 जुलाई को सिंचाई विभाग मंत्री श्रुति चौधरी के आवास का घेराव किया जाएगा तथा 18 जुलाई को लोकनिर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा के आवास पर विशाल महाघेराव किया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि इन प्रदर्शनों एवं महाघेराव में पूरे हरियाणा का प्रत्येक कर्मचारी बढ़-चढ़कर भाग लेगा। इस अवसर पर शहरी ब्रांच प्रधान नरेंद्र शर्मा, रविदत्त, बिजेंद्र शर्मा, रमन, विरेंद्र, पप्पू, राजबीर, विनोद, राहुल, दीपक, सन्नी, रविंद्र व रवि आदि मौजूद रहे।

### हरियाणा स्वास्थ्य सेवाएं निदेशक ने तोशाम व भिवानी राजकीय अस्पतालों का किया निरीक्षण

**भिवानी।** हरियाणा स्वास्थ्य सेवाएं निदेशक डॉ. ब्रह्मदीप ने मंगलवार एसडीएच तोशाम तथा चौधरी बंसीलाल राजकीय सामान्य अस्पताल, भिवानी का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसरों में साफ-सफाई, मरीजों को उपलब्ध सुविधाओं, भवनों की स्थिति तथा कर्मचारियों की कार्यप्रणाली का गहन अवलोकन किया तथा आवश्यक सुधार के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ रघुवीर शांडिल्य भी मौजूद रहे। उन्होंने बीपीएचयू भवन में डिस्प्ले बोर्ड व्यवस्थित रूप से लगाने, चिकित्सक कक्षों में बैठने की व्यवस्था सुधारने तथा प्रयोगशाला रिपोर्टों में असामान्य परिणामों को लाल निशान से चिन्हित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नागरिक ने अस्पताल में रात्रिकालीन चिकित्सक उपलब्धता की आवश्यकता भी उठाई, जिस पर संज्ञान लिया गया। साथ ही एसएनओ को प्रतिदिन निरीक्षण रजिस्टर बनाए रखने तथा सभी भवनों का नियमित दौरा करने के निर्देश दिए गए। निदेशक ने पाया कि बीपीएचयू में बायोमेडिकल चार्ट सही ढंग से प्रदर्शित नहीं थे, जिसके लिए एक माह के भीतर सभी कर्मचारियों का प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

# आरती ने जीता कांस्य पदक खेल प्रेमियों में खुशी की लहर

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी**

हांगकांग के काई टाक यूथ स्पोर्ट्स ग्राउंड में 28 से 31 मई तक आयोजित हुई अन्डर-20 एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप' में भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केंद्र, भिवानी की होनहार एथलेटिक्स खिलाड़ी आरती ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश व प्रदेश का नाम रोशन किया है। आरती ने इस चैंपियनशिप में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दो पदक अपने नाम किए हैं।


भिवानी। पदक विजेता एथलेटिक्स खिलाड़ी आरती।

### 200 मीटर में बनाया पर्सनल बेस्ट रिकॉर्ड

प्रतियोगिता के दौरान महिलाओं की 200 मीटर दौड़ स्पर्धा में आरती ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। उन्होंने 24.12 सेकंड का अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय दर्ज करते हुए कांस्य पदक अर्जित किया। इस कड़े मुकाबले में स्वर्ण पदक श्रीलंका की पथराना (24.07 सेकंड) ने हासिल किया, जबकि रजत पदक अन्य प्रतिस्पर्धी खिलाड़ी के खाते में गया।

### रिले दौड़ में भी जीता रजत पदक

200 मीटर व्यक्तिगत स्पर्धा के अलावा, आरती ने जूनियर राष्ट्रीय रिले प्रतियोगिता (4x100 मीटर रिले) में भी भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार दौड़ लगाई और रजत पदक प्राप्त कर देश की झोली में एक और पदक डाला। केंद्र और क्षेत्र में गौरव का माहौल: आरती की इस दोहरी अंतरराष्ट्रीय सफलता से भारतीय खेल प्राधिकरण, प्रशिक्षण केंद्र, भिवानी सहित पूरे हरियाणा प्रदेश में हर्ष का माहौल है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भारतीय खेल प्राधिकरण, प्रशिक्षण केंद्र, भिवानी के उप निदेशक दीपक पंत ने खिलाड़ी आरती एवं आरती के साई प्रशिक्षक सूरज भान को हार्दिक बधाई दी है। उप निदेशक दीपक पंत ने कहा कि आरती की इस उल्लेखनीय कामयाबी ने भिवानी केंद्र और पूरे प्रदेश को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है।


बवानीखेड़ा। बीके विद्यालय में विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### मेहुल और जतिन ने आईआईटी और जेईई में लहराया परचम

**बवानीखेड़ा।** बीके स्कूल बवानी खेड़ा में हर्षोल्लास का वातावरण रहा। विद्यालय के छात्र मेहुल पुत्र जितेन्द्र सिंह ने आईआईटी/जेईई एडवांस में ऑल इंडिया में 234वाँ रैंक व जतिन पुत्र कृष्ण कुमार गांव बवानी खेड़ा ने आईआईटी/जेईई. एडवांस में ऑल इंडिया में 3293वाँ रैंक प्राप्त कर न केवल अपने माता-पिता, विद्यालय अपितु अपने कस्बे का भी नाम रोशन किया है। बोर्ड परीक्षा में भी इन्होंने अव्वल रहते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। मेहुल व जतिन विज्ञान संकाय के छात्र हैं। पढ़ाई को लेकर उनकी लगन, नियमित समयदृसारिणी एवं अनुशासन के परिणाम स्वरूप उन्होंने इतना बड़ा मुकाम हासिल किया है। जिससे उनके माता-पिता, विद्यालय प्रबंधन समिति एवं अध्यापकवर्ग को छात्र मेहुल व जतिन पर गर्व है। विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य सुभाष शर्मा, सचिव योगेश शर्मा, प्राचार्य पंकज कुमार मिश्रा द्वारा छात्रों को पुष्पमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

### आनंद स्कूल के तीन विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस 2026 किया क्वालीफाई

**बवानीखेड़ा।** आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस मिलकपुर के लिए गर्व का विषय है कि विद्यालय के तीन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों में करण यादव ने ऑल इंडिया रैंक 1075, ईशांत बेरवाल ने 7803 एवं पारस ने 4698 रैंक प्राप्त किया और देश की प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई 2026 सफलतापूर्वक क्वालिफाई कर विद्यालय, अपने अभिभावकों तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय के चेयरमैन आनंद यादव ने तीनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आनंद स्कूल विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतर वातावरण प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्रधानाचार्य नितीश मिश्र ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस जैसी कठिन परीक्षा में सफलता प्राप्त करना अत्यंत गौरव की बात है। उनकी यह उपलब्धि विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी। विद्यालय परिवार ने तीनों विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई दीं।


बवानीखेड़ा। जेईई एडवांस करने वाले प्रतिभागी।

### पालवास में 'भारतीय भाषा समर कैंप' के दूसरे दिन हवन का आयोजन

**भिवानी।** राजकीय वमावि पालवास में चल रहे सात दिवसीय भारतीय भाषा समर कैंप 2026 के दूसरे दिन की शुरुआत बेहद आध्यात्मिक और ऊर्जावान रही। कैंप के दूसरे दिन मुख्य गतिविधि के रूप में जय भगवान शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पवित्र यज्ञ-हवन संपन्न कराया गया। इस विशेष गतिविधि में 50 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। स्कूल इंचार्ज राजेन्द्र श्योराण ने बताया कि यह कैंप 1 जून से 7 जून तक रोजाना सुबह 08:00 से 10:00 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। दूसरे दिन भाषा की शुद्धता और भारतीय संस्कृति से जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए इस हवन का आयोजन किया गया। इस मौके पर दीपक कुमार, सुशीला देवी, सरोज, अरुना देवी , शकुंतला आदि मौजूद रहे।

## 5.53 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन परियोजना अंतिम चरण में

# चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय को पीने के लिए शीघ्र मिलेगा नहरी पानी

कुलगुरु ने नहरी पानी पंप हाउस निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी**

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय द्वारा निगाणा फीडर पर पंप हाउस निर्माण आरंभ कर दिए जाने के साथ ही विश्वविद्यालय के हजारों विद्यार्थियों, शिक्षकों, गैर शिक्षकों व अभिभावकों के लिए मीठे नहरी पानी का मार्ग प्रशस्त हो गया है। 5.53 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होने वाली इस पेयजल परियोजना के पंप हाउस निर्माण कार्य का शुभारंभ स्वयं कुलगुरू प्रो. दीप्ति धर्माणी, कुलसचिव डॉ. भावना शर्मा व इंजनियरिंग विंग के अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ।


भिवानी। पम्प हाऊस का निर्माण कार्य शुरू करवाते हुए। फोटो: हरिभूमि

यह परियोजना लगभग 2 से 3 महीनों में बनकर तैयार हो जाएगी। परियोजना के तहत निगाणा फीडर की 33300 आरडी पर एक पंपिंग स्टेशन बनाया जा रहा है। जहां से विश्वविद्यालय के जलघर तक 2300 मीटर लंबी 300 एमएम की पाईप लाईन डाली जाएगी। विश्वविद्यालय स्थित जलघर में 3 टैंक बनाए जा रहे हैं, जिनमें 7500 केएल क्षमता का कच्चे पानी का टैंक, 1500 केएल का स्वच्छ पानी का भूमिगत टैंक व 230 केएल क्षमता का अग्निशमन टैंक शामिल हैं। इन टैंकों का निर्माण कार्य भी जोरों पर जारी है।

### हजारों छात्र- छात्राओं को मिलेगा लाभ

कुलगुरू दीप्ति धर्माणी ने पूरी परियोजना के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व सिचाई मंत्री श्रुति चौधरी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि निगाना फीडर पर पंपिंग स्टेशन बनने से सीधा मीठा नहरी पानी विश्वविद्यालय परिसर में पहुंचेगा और वहां जलघर के माध्यम से जलापूर्ति संभव होगी। उन्होंने कहा कि इससे न केवल विश्वविद्यालय में रिहायशी स्थानों का निर्माण आरंभ हो सकेगा बल्कि विश्वविद्यालय में पढने वाले हजारों छात्र- छात्राओं को भी इसका लाभ मिलेगा। इस परियोजना के शुरू होने से लंबे समय से विश्विद्यालय की लंबित पेयजल समस्या का हल निकलेगा। 2021 में विश्वविद्यालय के प्रेम नगर परिसर में स्थानांतरित होने के बाद से अस्थाई व्यवस्था के सहारे काम चल रहा था।